**सं: 1:05:138:II:सी**

**दिनांक: 23 दिसंबर, 2021**

| | |
|---|---|
| **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>**लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,**<br>**बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051** | **बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,**<br>**कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,**<br>**पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001** |

**विषय: <u>पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में 3 गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशकगण की नियुक्ति।</u>**

महोदया/महोदय,

सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसरण में, हम एतदद्वारा पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में 3 स्वतंत्र निदेशकगण (1 महिला स्वतंत्र निदेशक सहित) की नियुक्ति को रिपोर्ट करते हैं:

**1. <u>गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में एडवोकेट भास्कर भट्टाचार्य की नियुक्ति</u>**

| | |
|---|---|
| बदलाव का कारण | विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 15 नवंबर, 2021 के आदेश सं. 8/1/2012-पीएफसी डेस्क (वॉल.-II) के अनुसरण में, जहां सूचित किया गया है कि कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुसरण में, राष्ट्रपति एडवोकेट भास्कर भट्टाचार्य को उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए, या अगले आदेशों तक पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।<br><br>निदेशक मंडल द्वारा आज अर्थात 23 दिसंबर, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में 23 दिसंबर, 2021 से गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में एडवोकेट भास्कर भट्टाचार्य को नियुक्त किया गया है। |
| नियुक्ति की तारीख | 23 दिसंबर, 2021 |
| संक्षिप्त प्रोफाइल | 63 वर्षीय एडवोकेट भास्कर भट्टाचार्य वाणिज्य में ऑनर्स स्नातक और विधि में स्नातक की डिग्री प्राप्त है। इन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट में स्नाकोत्तर डिप्लोमा भी किया है। ये 24 वर्ष से भी अधिक समय से एडवोकेट के रूप में कार्य कर रहे हैं। ये हुगली टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वेस्ट बंगाल टैक्सेशन ट्रिब्यूनल के सदस्य हैं। उन्होंने 'निबेदन' नामक एक गैर-सरकारी संगठन में महासचिव के रूप में भी कार्य किया है। |
| निदेशकगण के साथ संबंध | शून्य |

**2. <u>गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्रीमती उषा सजीव नायर की नियुक्ति</u>**

| | |
|---|---|
| बदलाव का कारण | विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 15 नवंबर, 2021 के आदेश सं. 8/1/2012-पीएफसी डेस्क (वॉल.-II) के अनुसरण में, जहां सूचित किया गया है कि कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुसरण में, राष्ट्रपति श्रीमती उषा सजीव नायर को उनकी |

| | |
|---|---|
| | नियुक्ति की अधिसूचना की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए, या अगले आदेशों तक पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।<br><br>निदेशक मंडल द्वारा आज अर्थात 23 दिसंबर, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में 23 दिसंबर, 2021 से गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्रीमती उषा सजीव नायर को नियुक्त किया गया है। |
| नियुक्ति की तारीख | 23 दिसंबर, 2021 |
| संक्षिप्त प्रोफाइल | 45 वर्षीय श्रीमती उषा सजीव नायर ने कला स्नातक में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। ये दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में अपने स्वयं के व्यवसाय से जुड़ी एक महिला उद्यमी हैं, जो पिछले कुछ समय से कई परिवारों को रोजगार और सहायता प्रदान कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, वह सक्रिय रूप से जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं। कोविड महामारी के दौरान, इन्होंने अपनी सहायता टीम के साथ संकट में आए लोगों को भोजन, चिकित्सा आपूर्ति, मास्क, सैनिटाइज़र, ग्लव्स आदि प्रदान किए। ये महिलाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने, बूढ़े और बेघर लोगों एवं अनाथों को समर्थन देने के कार्यों से भी जुड़ी हैं। |
| निदेशकगण के साथ संबंध | शून्य |

**3. <u>गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री प्रसन्ना तंत्री की नियुक्ति</u>**

| | |
|---|---|
| बदलाव का कारण | विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 15 नवंबर, 2021 के आदेश सं. 8/1/2012-पीएफसी डेस्क (वॉल.-II) के अनुसरण में, जहां सूचित किया गया है कि कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुसरण में, राष्ट्रपति श्री प्रसन्ना तंत्री को उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए, या अगले आदेशों तक पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।<br><br>निदेशक मंडल द्वारा आज अर्थात 23 दिसंबर, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में 23 दिसंबर, 2021 से गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री प्रसन्ना तंत्री को नियुक्त किया गया है। |
| नियुक्ति की तारीख | 23 दिसंबर, 2021 |
| संक्षिप्त प्रोफाइल | 40 वर्षीय श्री प्रसन्ना तंत्री मैंगलोर विश्वविद्यालय से बी.कॉम की डिग्री प्राप्त हैं और एक अर्हक कॉस्ट एकाउंटेंट हैं। इन्होंने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से प्रबंधन में फेलो प्रोग्राम और प्रबंधन में स्नाकोत्तर प्रोग्राम भी किया है तथा ये डीकिन यूनिवर्सिटी से पीएच.डी भी प्राप्त हैं। वर्तमान में, ये इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस में वित्त क्षेत्र में एसोसिएट प्रोफेसर और आईएसबी में सेंटर फॉर एनालिटिकल फाइनेंस के कार्यपालक निदेशक हैं। इनके शोध क्षेत्रों में बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, वित्तीय संक्रमण, विनियमन, और राजनीति एवं वित्त के बीच संबंध शामिल हैं। |
| निदेशकगण के साथ संबंध | शून्य |

इसके अतिरिक्त, पुनः सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा सजीव नायर, एडवोकेट भास्कर भट्टाचार्य एवं श्री प्रसन्ना तंत्री द्वारा दी गई घोषणा के अनुसार, उन्हें सेबी के किसी आदेश या ऐसे किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक के पद पर रहने से वंचित नहीं किया गया है।

आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(मनोहर बलवानी)**
**कंपनी सचिव**
**mb@pfcindia.com**